# UNIVERSITY NEWS 04 AUGUST 2026

I NEXT

## चार को प्रेमचंद अंतरराष्ट्रीय सम्मान

साहित्य आलोचना के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रो. रीता चौधरी, साहित्य और भाषा के लिए मौलाना आजाद अकादमी के डा. अब्दुल खुद्दूस हाशमी व रंगमंच के लिए रंगकर्मी राजा अवस्थी व चित्रा मोहन को प्रेमचंद अंतरराष्ट्रीय सम्मान के लिए चुना गया. प्रेमचंद अंतरराष्ट्रीय सम्मान समिति के अध्यक्ष व भारतीय-नार्वेजीय सूचना एवं सांस्कृतिक फोरम नार्वे के अध्यक्ष सुरेश चंद्र शुक्ला ने सोमवार को वर्चुअली आयोजित कार्यक्रम में इसकी घोषणा की.

## प्लेसमेंट के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

एलयू के प्लेसमेंट सेल ने एलियंस ग्रुप में भर्ती के लिए पात्र विद्यार्थियों को रजिस्ट्रेशन का मौका दिया है. इसमें एमबीए 2026 और 2027 बैच के विद्यार्थी 13 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं. भर्ती सेल्फ लीड जनरेशन, रियल एस्टेट सेल्स एवं डिजिटल मार्केटिंग पद के लिए होगी. चयनित छात्र-छात्राओं को कंटेंट क्रिएशन, सेल्फ लीड जनरेशन, इवेंट्स एवं एक्टिवेशन, ग्राहक पिचिंग एवं फालोअप, साइट विजिट तथा सेल्स क्लोजर जैसी जिम्मेदारियां निभानी होंगी.

HINDUSTAN

## एलयू में भर्ती अभियान एलियंस ग्रुप चलाएगा

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल ने एलियंस ग्रुप के भर्ती अभियान के लिए पात्र विद्यार्थियों से पंजीकरण आमंत्रित किए हैं। यह अभियान एमबीए के 2026 एवं 2027 के बैच के विद्यार्थियों के लिए है। भर्ती सेल्फ लीड जनरेटर – रियल एस्टेट सेल्स व डिजिटल मार्केटिंग पद के लिए की जा रही है। चयनित अभ्यर्थियों को कंटेंट क्रिएशन, सेल्फ लीड जनरेशन, इवेंट्स एवं एक्टिवेशन जैसी जिम्मेदारियां निभानी होंगी।

AAJ

## लखनऊ यूनिवर्सिटी को यूनिवर्सिटी में मिली 8वीं रैंक

लखनऊ। विश्वविद्यालयों की वार्षिक रैंकिंग में लखनऊ विश्वविद्यालय ने एक बार फिर अकादमिक जगत में अपनी श्रेष्ठता का परचम लहराया है। देशभर के प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थानों के गहन मूल्यांकन के आधार पर जारी इस वर्ष की रैंकिंग में लखनऊ विश्वविद्यालय को देश के शीर्ष सरकारी विश्वविद्यालयों में 8वाँ स्थान प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय ने पिछले वर्षों के अपने प्रदर्शन 11वीं रैंक में उल्लेखनीय सुधार करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी स्थिति को और अधिक सुदृढ़ किया है ;8वीं रैंक। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुदृढ़ शोध वातावरण, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और रोजगारपरक पाठ्यक्रमों के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। साथ ही, पिछले 5 वर्षों में सबसे तेज सुधार दर्ज करने के लिए इसे भारत की मोस्ट इम्प्रूव्ड गवर्नमेंट यूनिवर्सिटी घोषित किया गया है।

DAINIK JAGRAN

## प्रो. रीता सहित चार को प्रेमचंद अंतरराष्ट्रीय सम्मान

**लखनऊ :** लवि की प्रो. रीता चौधरी, साहित्य और भाषा के लिए मौलाना आजाद अकादमी के डा. अब्दुल खुद्दूस हाशमी व रंगमंच के लिए रंगकर्मी राजा अवस्थी व चित्रा मोहन को प्रेमचंद अंतरराष्ट्रीय सम्मान के लिए चुना गया। प्रेमचंद अंतरराष्ट्रीय सम्मान समिति के अध्यक्ष व भारतीय-नार्वेजीय सूचना एवं सांस्कृतिक फोरम नार्वे के अध्यक्ष सुरेश चंद्र शुक्ला ने वर्चुअली आयोजित कार्यक्रम में इसकी घोषणा की। वि.

AMRIT VICHAR

## लविवि बनी मोस्ट इम्प्रूव्ड यूनिवर्सिटी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय को एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पत्रिका द्वारा जारी सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों की वार्षिक रैंकिंग में 8वां स्थान प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय ने पिछले वर्षों के अपने प्रदर्शन (11वीं रैंक) में उल्लेखनीय सुधार करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी स्थिति को और अधिक सुदृढ़ किया है (8वीं रैंक)। साथ ही, पिछले 5 वर्षों में सबसे तेज सुधार दर्ज करने के लिए इसे भारत की मोस्ट इंप्रूव्ड गवर्नमेंट यूनिवर्सिटी घोषित किया गया है। कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी ने कहा कि शीर्ष 8 सरकारी विश्वविद्यालयों में स्थान पाना लखनऊ विश्वविद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है।

AMRIT VICHAR

## एलियंस ग्रुप चलाएगा लविवि में भर्ती अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल ने एलियंस ग्रुप के भर्ती अभियान के लिए पात्र विद्यार्थियों से पंजीकरण आमंत्रित किए हैं। यह अभियान एमबीए (सभी स्पेशलाइजेशन) के 2026 एवं 2027 बैच के विद्यार्थियों के लिए है। भर्ती सेल्फ लीड जनरेटर – रियल एस्टेट सेल्स व डिजिटल मार्केटिंग पद के लिए की जा रही है। चयनित अभ्यर्थियों को कंटेंट क्रिएशन, सेल्फ लीड जनरेशन, इवेंट्स एवं एक्टिवेशन, ग्राहक पिचिंग एवं फॉलो-अप, साइट विजिट तथा सेल्स क्लोजर जैसी जिम्मेदारियां निभानी होंगी।

चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति हैदराबाद में होगी तथा उन्हें सप्ताह में छह दिन कार्य करना होगा। कंपनी की ओर से 8 लाख रुपए वार्षिक सीटीसी प्रदान की जाएगी, जिसमें 6 लाख रुपए वार्षिक फिक्स्ड वेतन तथा 2 लाख रुपए प्रदर्शन आधारित परिवर्तनीय (परफॉर्मेंस वैरिएबल) शामिल है। इच्छुक व पात्र विद्यार्थी भर्ती क्यूआर कोड को स्कैन कर अथवा गूगल फॉर्म के माध्यम से अपना पंजीकरण कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 13 अगस्त निर्धारित की गई है।

HINDUSTAN

## एलयू बनी देश की मोस्ट इम्प्रूव्ड यूनिवर्सिटी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय को एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पत्रिका की ओर से जारी सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों की वार्षिक रैंकिंग मे आठवां स्थान प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय ने पिछले वर्षों के अपने प्रदर्शन 11वीं रैंक मे उल्लेखनीय सुधार करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी स्थिति को और अधिक सुदृढ़ किया है। पिछले 5 वर्षों मे सबसे तेज सुधार दर्ज करने के लिए इसे भारत की मोस्ट इंप्रूव्ड गवर्मेंट यूनिवर्सिटी घोषित किया गया है। कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी ने कहा कि शीर्ष 8 सरकारी विश्वविद्यालयों में स्थान पाना एलयू के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है।

AMAR UJALA

## लविवि : नौकरी के आवेदन आमंत्रित

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल ने एलियंस ग्रुप में नौकरी के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। निदेशक अनूप कुमार भारतीय ने बताया कि कंपनी 'सेल्फ लीड जनरेटर रियल एस्टेट सेल्स एवं डिजिटल मार्केटिंग' पदों पर भर्ती करेगी। चयनित अभ्यर्थियों को कंटेंट क्रिएशन, सेल्फ लीड जनरेशन, इवेंट्स व एक्टिवेशन जैसी जिम्मेदारियां संभालनी होंगी। वार्षिक सीटीसी 8 लाख रुपये होगा। सप्ताह में छह दिन काम करना होगा। इच्छुक विद्यार्थी 13 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। (संवाद)

AMRIT VICHAR

- लखनऊ विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. जेपी सैनी नशा उन्मूलन पर पोस्टर विमोचन करेंगे- 11:30 बजे बजे।